विश्व हिंदी दिवस 2025

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

अंतर्राष्ट्रीय मंच पर **हिंदी की उपस्थिति** बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष 10 **जनवरी** को **विश्व हिंदी दिवस** मनाया जाता है।

- **विश्व हिंदी दिवस का परिचय:**
  - यह तिथि वर्ष **1949 के उस ऐतिहासिक पल को याद दिलाती है** , जब संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में पहली बार हिंदी बोली गई थी।
  - **वर्ष 1975** में प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन **प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया, जो हिंदी** को वैश्विक मान्यता दिलाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था ।
  - **10 जनवरी 2006** को मनाया जाने वाला **विश्व हिंदी दिवस, 14 सितंबर** को मनाए जाने वाले **हिंदी दिवस** से भिन्न है, क्योंकि हिंदी दिवस वर्ष **1949** में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाए जाने का प्रतीक है।
- **महत्त्व:**
  - **600 मिलियन** से अधिक भाषाओं के साथ **हिंदी** विश्व में तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, साथ ही **भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है।**
  - यह दिवस वैश्विक संचार भाषा के रूप में **हिंदी के महत्त्व** के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये मनाया जाता है।
- **विश्व हिंदी दिवस 2025 की थीम:**
  - **विश्व हिंदी दिवस 2025** की थीम है **"हिंदी एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज़", जो** हिंदी के माध्यम से **भाषाई आदान-प्रदान को बढ़ावा देने** और **सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने** पर केंद्रित है।
- **हिंदी की संवैधानिक स्थिति:**
  - संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत हिंदी को आधिकारिक उद्देश्यों के लिये अंग्रेज़ी के साथ भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है।
  - इसे 8वीं अनुसूची में भी सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें आधिकारिक प्रयोग के लिये मान्यता प्राप्त 22 भाषाएँ शामिल हैं।

और पढ़ें...

हिंदी दिवस 2024

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-hindi-day-2025